तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

14 सेवा पखवाड़ा में दिव्यांगों को मिला नए उपकरणों ...



14 भाटापारा नपा की सामान्य सभा में पारित हुआ ...





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

### बारिश : पुल-पुलिया डूबीं, वन क्षेत्र और गांवों में घुसा पानी, प्रशासन अलर्ट

# बलौदाबाजार जिले में मूसलाधार बारिश, अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन

### कुकरिकोना पुलिया पर चार फीट ऊपर पानी, संपर्क टूटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। निचले इलाकों और गांवों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल-पुलियाओं पर पानी का दबाव बढ़ने से कई मार्ग बंद हो गए हैं, वहीं वन क्षेत्र में सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। कसडोल विकासखंड के खर्री स्थित आश्रित ग्राम कुकरिकोना पुलिया पर पानी का स्तर बढ़कर करीब चार फीट तक पहुंच गया है। इससे कसडोल से पिथौरा और महासमुंद जाने वाला मुख्य मार्ग ठप हो गया है। कोइडल ग्राम का मुख्यालय से संपर्क भी पूरी तरह कट चुका है।

#### वन क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में संकट

*लगातार बारिश से देवपुर जंगल क्षेत्र और उससे लगे वन ग्रामों में छोटे-छोटे नाले उफान पर हैं। बारिश का पानी कई गांवों में घुस आया है। घरों, गलियों और स्कूलों में पानी भरने से ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। पलारी तहसील के अमेठी एनिकट महानदी पुल पर भी पानी आ जाने से यहां आवागमन बंद हो गया है। जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों में बने छोटे पुलों पर भी पानी 1 से 4 फीट ऊपर से बह रहा है।*

#### खेती-किसानी पर असर

तेज बारिश का असर कृषि पर भी दिखाई दे रहा है। खेतों में पानी लबालब भरा हुआ है। किसानों ने फसलों से पानी निकालने की कोशिश शुरू कर दी है, लेकिन कई मोटर पंप पानी में डूब जाने से किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। धान की फसल अधिक पानी सहन कर सकती है, लेकिन लगातार पानी भरे रहने से उसकी वृद्धि पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। वही मौसम खुलने के बाद फसलों में कीट प्रकोप की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि अर्ली वैरायटी के धान अभी निकलना चालू हो चुके है।

#### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग एवं कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में इस वर्ष अब तक 979.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो औसत वर्षा का 84.5 प्रतिशत है। आज बुधवार को जिले में कुल 494.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई। इसमें सबसे कम वर्षा सुहेला में 5.0 मिमी और सबसे अधिक सोनाखान में 179.6 मिमी रही। बीते मंगलवार की शाम से शुरू हुई बारिश बुधवार को दिनभर जारी रही। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम तंत्र के कारण अगले 2 से 3 दिन तक बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बलौदाबाजार जिले को येलो अलर्ट में रखा है।

## वन भैंसों की संख्या बढ़ी बारनवापारा सुरक्षित आश्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- राजकीय पशु के संरक्षण में मिली सफलता, 6 से बढ़कर 10 हुई संख्या

जिले का बारनवापारा अभयारण्य राजकीय पशु वन भैंसों के लिए अब सुरक्षित और अनुकूल आवास साबित हो रहा है। संरक्षण प्रयासों के फलस्वरूप यहां वन भैंसों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां केवल 6 वन भैंस मौजूद थे, अब यह संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में राजकीय पशु वन भैंस के संरक्षण और संख्या वृद्धि के लिए वर्ष 2017 में राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। इसके तहत असम के मानस टाइगर रिजर्व से वन भैंसों को बारनवापारा लाने की अनुमति मिली। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनुमति प्राप्त कर वर्ष 2020 में 1 नर और 1 मादा तथा वर्ष 2023 में 4 मादा वन भैंसों को यहां लाया गया। इन्हें अभयारण्य के कोठारी परिक्षेत्र में बने 10 हेक्टेयर के विशेष बाड़े में रखा गया।

**इस साल 3 का हुआ जन्म-** संरक्षण प्रयासों का परिणाम वर्ष 2024 में सामने आया, जब वनभैंसा मानसी ने एक नर शावक को जन्म दिया और एक अन्य मादा ने भी एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2025 में 2 मादा और 1 नर बच्चे का जन्म हुआ। हालांकि, दुर्भाग्यवश एक मादा शावक की आकस्मिक मृत्यु भी हो गई।

**वर्तमान में 10 वन भैंसें हैं मौजूद-** वर्तमान में बारनवापारा अभयारण्य में कुल 10 वन भैंस सुरक्षित रूप से मौजूद हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह अभयारण्य अब राजकीय पशु के संरक्षण और संवर्धन के लिए उपयुक्त स्थान साबित हो रहा है, जो आने वाले समय में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है।

## झमाझम बारिश से जलमग्न हुआ क्षेत्र

**गोपालपुर** | क्षेत्र में झमाझम वर्षा हो रही है, रात के 7 बजे से शुरू हुआ था। और रात भर रुक रुक कर वर्षा हुआ। गाँव एवं क्षेत्र मे वर्षा होने के कारण सभी जगह जलमग्न हो गया है, दिन भर लोगों घर से बाहर नहीं निकल पाए स्कूलों मे बच्चों पढ़ने के लिए नहीं पहुंच पाए। रात एवं दिन मे बीजली के आंख मिचौली चलता



रहा तरीका से सुधार नहीं है, बिजली से चलने वाली सभी व्यवसाय बंद रहा। रुक रुक के वर्षा होने कारण रास्ता सुन शान रहा सवारी गाड़ी खाली खाली चल रही थी। खेत तालाब लबालब भर गया है। नदी नालों मे बाढ़ आ गया है। हालांकि कहीं रास्ता जाम होने की खबर नहीं मिला ▶▶ शेष पेज 13 पर

## साहू समाज परिक्षेत्र बलौदाबाजार में हुआ निर्विरोध निर्वाचन

**बलौदाबाजार**। साहू समाज परिक्षेत्र बलौदाबाजार का निर्वाचन झिरिया में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने एकजुट होकर नई कार्यकारिणी को जिम्मेदारी सौंपी। निर्वाचन में बलदाऊ प्रसाद साहू को परिक्षेत्र बलौदाबाजार का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर ओमशंकर साहू और महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती चन्द्रिका साहू निर्वाचित हुईं। संगठन सचिव का दायित्व मनीराम साहू और महिला संगठन सचिव का दायित्व बिरम साहू को सौंपा गया। मनोनीत पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, सचिव ईश्वर लाल साहू तथा संगठन सचिव लक्ष्मण साहू शामिल हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी ताराचंद साहू और सहायक अधिकारियों ललिता साहू, लक्ष्मी साहू, सेवक राम साहू, युगल किशोर साहू, मोहन लाल साहू एवं डी.आर. साहू (वकील) की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुनील साहू, पुणीत साहू (सकरी), जीवन साहू (सोनाडीह), मुरारी साहू (मोहतरा), पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## रामलीला के दूसरे दिन दिखा पुत्र मोह और हास्य का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- दशरथ के पुत्र मोह ने रुलाया, ताड़का वध की लीला ने हंसाया
- बाल कलाकारों के अभिनय ने मन मोह लिया

आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा 106 वें वर्ष के रामलीला मंचन के दूसरे दिवस पर नारद मोह,मुनि आगमन, ताड़का वध एवं मारिच सुबाहु युद्ध की लीला दिखाई गई। बाल कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का मन मोहा। नारद और ताड़का के पात्र में हर्ष गुप्ता के अभिनय ने लोगो को खूब गुदगुदाया तो मुनि आगमन में दशरथ का पात्र करने वाले आदित्य जोशी की राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंपने वाला पुत्र मोह का मार्मिक कलाकारी देख दर्शको की आंखे नम हो गई। विश्वामित्र और राजा शीलनिधि की शानदार भूमिका



में काव्यांश शर्मा, वशिष्ठ के रूप में शुभ केशरवानी, कामदेव जय मल, मारिच श्याम मल , शंकर गब्बर शर्मा, ब्रम्हा जी आरव सोनी, अभी अग्रवाल और लक्ष्य चौरसिया शिवगण, योग माया, लक्ष्मी, और मोहनी के रूप में धरमपाल सोनी, भगवान विष्णु के पात्र में आयुष तिवारी एवँ आदित्य सोनी, नमन मल, मानस केशरवानी, रोशन जैन तथा अन्य पात्र ने अपने अभिनय से प्रसंगों को सजाया वही दूसरे दिवस की भगवान की आरती में भाटापारा के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त ▶▶ शेष पेज 13 पर

## ग्राम पंचायत का खजाना खाली, कर्ज में डूबे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



- साहूकार से कर्ज लेकर मंदिर की ज्योत जलाई विकास कार्य ठप

ग्राम पंचायत का 15वें वृत का राशि पंचायत के खाते में राशि जमा नहीं होने के कारण सरपंचों की स्थिति खराब हो गई है। इस सत्र में ग्राम पंचायत में 15वें वृत का राशि जमा नहीं होने के कारण सरपंचों ने साहूकार से कर्ज लेकर पंचायत चलाया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरतदास मानिकपुरी ने बताया कि इस सत्र में 15वें वृत का राशि पंचायत के खाते में राशि जमा नहीं होने के कारण सरपंचों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। निर्माण कार्यों के लिए सामग्री खरीदी करने पर मटेरियल वाले तगादा किया जा रहा हैं। सरपंचों का आर्थिक स्थिति खराब हैं। नया सरपंच बने हुए हैं। वे बेसब्री से इंतजार किया जा रहा हैं। ऊपर विकास कार्यो के लिए काम नहीं मिल पा रहा हैं। सरपंचों ने कर्ज डूबे हुए हैं। मेटेरियल का पुराना बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण सरपंचों के पास नोटिस थमाया गया हैं। नया सरपंचों का कार्यकाल में 15 वें वृत्त का राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं होने के कारण सरपंचों का बुरा हाल है।अश्विन नवरात्रि पर्व त्यौहार में साहूकार से कर्ज लेकर शारदीय नवरात्रि पर्व में महामाया मंदिर में ज्योत प्रज्वलित किया गया हैं । चैत्र नवरात्रि पर्व में सरपंचों ने उधारी समान लेकर चैत्र नवरात्रि पर्व में ज्योत प्रज्वलित किया गया है। सरपंचों के गले का फांस। सरपंच ग्राम पंचायत सेल पीयूष पैंकरा ने कहा कि इस सत्र में 15वृत्त राशि ग्राम पंचायत के खाते में राशि जमा नहीं हुआ है।

## 15 वर्ष पुराने 425 वाहनों का रजिस्ट्रेशन निलंबित

**बलौदाबाजार** । मोटरयान नियमों का पालन नहीं करने पर 15 वर्ष पुराने 425 वहानों का पंजीयन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला परिवहन कार्यालय द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 39, 41एवं 56 के अधीन वाहन का पंजीयन करते हुए 15 वर्ष के लिए आरसी बुक जारी किया गया था। वाहन के 15 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के पश्चात वाहन मोटरयान अधिनियम तथा इसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन उपयुक्त पाये जाने पर वाहन की आयु पंजीयन पुस्तिका में 5 वर्षों के लिए वृद्धि की जाती है। इस कार्यालय में ऐसे कुल 425 वाहन जो 15 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के पश्चात भी पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। कार्यालय द्वारा सम्बधित वाहन स्वामियों को नोटिस दिया गया परन्तु नवीनीकरण नहीं करने एवं जवाब नहीं देने के कारण वाहनों का पंजीयन निलंबित कर दिया गया है।






# जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का बड़ा अभियान, विधानसभाओं में होंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, उसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा सौंपा गया है। हर जिले में भी समिति बनाई गई हैं। सभी विधानसभाओं में बड़े सम्मेलन कराए जाएंगे। लगातार 15 अक्टूबर तक कार्यक्रम होंगे। इसमें जीएसटी के बदलाव से होने वाले फायदे के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। व्यापारियों का सम्मेलन में बुलाया जाएगा। राजधानी रायपुर में 28 सितंबर को सम्मेलन होगा, इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कुछ मंत्रियों के साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे। केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो

- राजधानी में 28 सितंबर को होने वाले सम्मेलन में रहेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




नया रीफार्म किया है, उसको लेकर अब भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा अभियान एक माह तक चलाने का फैसला किया है। सभी राज्यों में यह अभियान चलेगा। अब राज्य छत्तीसगढ़ में अभियान चलाने के लिए प्रदेश स्तर की समिति में महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। इसको लेकर प्रदेश स्तर पर एक कार्यशाला भी हो चुकी है। इसमें शामिल सभी जिलों के संयोजकों को बताया गया है कि क्या करना है। इस समय जिलों में कार्यशालाएं चल रही है, इसी के साथ संभाग स्तर पर भी कार्यक्रम हो रहे हैं।

### सम्मेलनों में मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे

प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया, शक्ति केंद्रों से लेकर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जनता के बीच हमारे भाजपा के कार्यकर्ता जाकर बताएंगे कि जीएसटी में बदलाव से उनको क्या लाभ होगा। इसी के साथ हर विधानसभा में सम्मेलन होंगे। इसमें व्यापारियों के साथ बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में रहेंगे। राजधानी के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है।

## खबर संक्षेप



### पटना में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज, महंत, भूपेश और बैज लेंगे हिस्सा

**रायपुर।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में हिस्सा लेने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पटना पहुंच चुके हैं। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक इस बार बिहार की राजधानी पटना में हो रही है, यह विस्तारित बैठक है। 24 सितंबर को होने जा रही इस बैठक में तमाम बड़े नेताओं के साथ कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। बैठक में भाग लेने तीनों नेता अलग-अलग रवाना हुए हैं। डॉ. महंत कल ही दिल्ली पहुंच चुके थे। वे दिल्ली से पटना मंगलवार को पहुंच चुके थे।

### जल संसाधन विभाग के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग में प्रमुख अभियंता के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। 23 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 7 दिसंबर को संभावित है। प्रवेशपत्र एक दिसंबर को जारी होंगे। सभी 16 जिला मुख्यालयों में यह भर्ती परीक्षा आयोजित होगी।

### राजकीय पशु वन भैंसा की संख्या में हो रही वृद्धि

रायपुर। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में राजकीय पशु वन भैंसा के संख्या में वृद्धि हो रही है। राज्य वन्यप्राणी बोर्ड 2017 की बैठक में मानस टाइगर रिजर्व असम से वन भैंसे लाकर छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित स्थल बारनवापारा में रखकर संख्या वृद्धि किये जाने संबंधित अनुमति प्राप्त हुई थी। भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मानस टाइगर रिजर्व से बारनवापारा अभयारण्य लाने की अनुमति प्राप्त हुई थी।



### संगठन सृजन अभियान जिला अध्यक्ष बनाने आब्जर्वर की नियुक्ति

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इसे लेकर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। एमपी के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं पूर्व विधायक हिना कांवरे को भी जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश में लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित राज्यों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कहा था, तीन माह में संगठन का विस्तार किया जाएगा। उसी के तहत आर्ब्जवर की नियुक्ति की गई है।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी :** छत्तीसगढ़ के जो 17 आर्ब्जवर बनाए गए हैं, उनमें सप्तगिरि उलका, अजय कुमार लल्लू, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बंसल, नितिन राऊत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल गुडाधे, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, हिना कावरे, रीता चौधरी, रेहाना रेयाज़ चिश्ती, अज़मतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लांबा शामिल हैं।

## जयस्तंभ से लेकर गुरुनानक चौक तक मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से हुआ अभूतपूर्व स्वागत

# साय ने कहा- जीएसटी सुधार से आर्थिक गतिविधियों में आएगी तेजी, स्थानीय रोजगार को भी मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के एमजी रोड एवं आसपास के प्रमुख बाजारों का भ्रमण कर व्यापारियों और उपभोक्ताओं से आत्मीय संवाद किया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने कर प्रणाली को नई सरलता और पारदर्शिता प्रदान की है। मुख्यमंत्री के आगमन से पूरे बाजार का वातावरण उल्लास और उत्साह से भर गया। जगह-जगह व्यापारियों और नागरिकों ने उनका स्वागत किया और "मोदी जी को धन्यवाद" के नारे गूंजते रहे। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए जाना कि नई कर व्यवस्था से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को कितना बड़ा लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री ने शाम को राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक से महात्मा गांधी मार्ग होते हुए गुरुनानक चौक तक पैदल बाजार भ्रमण किया और जीएसटी बचत उत्सव का जायजा लेने विभिन्न प्रतिष्ठानों में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दुकानों में बचत उत्सव के स्टीकर भी लगाए और स्थानीय दुकानदारों एवं ग्राहकों से चर्चा की। बाजार भ्रमण के दौरान व्यापारियों में खासा उत्साह



देखने को मिला। विभिन्न व्यापारी संगठनों एवं संचालकों ने मुख्यमंत्री श्री साय का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा हाल में किए गए व्यापक जीएसटी सुधारों से टैक्स में कमी आई है और ग्राहकों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

### खरीदी में हो रही बचत

*इसी प्रकार एमएस ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर मोहन नेभानी ने बताया कि बचत उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं उनकी दुकान पर आए और ग्राहकों के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि जीएसटी में कटौती से ग्राहकों की खरीददारी बढ़ी है और हर सामान पर 1 से 2 हजार रुपये तक की बचत हो रही है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी मार्ग स्थित विभिन्न दुकानों में भ्रमण कर दुकानदारों और ग्राहकों से आत्मीय बातचीत की। बाजार में पैदल भ्रमण के दौरान आमजन ने मुख्यमंत्री पर पुष्पवर्षा कर स्वागत और अभिनंदन किया।*

### चैंबर के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

जयस्तंभ चौक पर मुख्यमंत्री का स्वागत चैम्बर ऑफ कॉमर्स और पार्टी पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद वे शारदा चौक पहुंचे और वहाँ देवी प्रतिमा के दर्शन कर भक्तों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान नवरात्रि की शुभकामनाएँ दीं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री पूनम होटल से लेकर मंजू ममता होटल तक पैदल भ्रमण करते हुए आगे बढ़े। सड़क किनारे खड़े छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक, सभी ने मुख्यमंत्री से संवाद करने की उत्सुकता दिखाई। मुख्यमंत्री ने भी आत्मीयता के साथ सभी की बातें सुनीं और जीएसटी 2.0 के लाभों पर उनकी प्रतिक्रियाएँ जानीं।

### स्वदेशी को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों और व्यापारियों से आग्रह किया कि वे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा दें और उपभोक्ताओं से भी आह्वान किया कि वे गर्व से कहें – "मैं स्वदेशी खरीदता हूँ और स्वदेशी बेचता हूं।" उन्होंने इसे भारत के आर्थिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला मंत्र बताया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोती लाल साहू, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न व्यापारी संगठन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने चारों बसों को झंडी दिखाकर किया डोंगरगढ़ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को रायपुर शहर के आकाशवाणी चौक स्थित सिद्ध मां काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। रायपुर से मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को इस बस सेवा का निशुल्क लाभ मिलेगा। बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कालीमाता सेवा समिति पिछले दस वर्षों से निस्वार्थ सेवाभाव से प्रत्येक नवरात्रि में प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए ले जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन की लालसा हर सनातनी के मन में होती है। मां के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है, लेकिन कई बार परिस्थितिवश हर कोई दूर स्थित देवी स्थलों तक नहीं पहुंच पाता। ऐसे में यह बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मां बम्लेश्वरी के दरबार तक पहुंच श्रद्धालुओं के लिए अब और सुगम हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस सेवा से समिति ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही सेवा, समर्पण और समावेशिता का प्रेरक संदेश भी दिया है।

### पांच दिनों तक चलेगी निशुल्क बस सेवा

समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने बताया कि कालीमाता सेवा समिति द्वारा संचालित यह निशुल्क बस सेवा नवरात्रि पर्व के दौरान पांच दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत प्रतिदिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएंगी और उन्हें दर्शन के उपरांत वापस रायपुर लाएंगी। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति से एक बस कवर्धा से डोंगरगढ़ तक चलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी एवं पुरंदर मिश्रा, श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संतोष साहू, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, गुड्डू त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, सुनील जग्गी, राजेश वासवानी सहित समिति के गुरमीत सिंह टोनी, संदीप परिहार, धीरज जोधानी, दीपक पाठक, सुमीत यादव, रोहित भारद्वाज, विजेंद्र शर्मा, शक्ति भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक उपस्थित थे।

## सलीम राज बोले

# मुस्लिम युवाओं को गरबा जैसे धार्मिक आयोजनों से रहना चाहिए दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा, नवरात्रि हिंदू समाज का पवित्र पर्व है, जिसमें माता जगदंबा की आराधना के साथ करोड़ों श्रद्धालु गरबा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। गरबा कोई साधारण नृत्य कार्यक्रम नहीं है। यह देवी दुर्गा की आराधना के लिए किया जाने वाला भक्तिपूर्ण लोकनृत्य है, जो जीवन के चक्र और देवी की असीम शक्ति का प्रतीक है। यदि मुस्लिम समाज मूर्ति पूजा में आस्था नहीं रखता है, तो उसे गरबा जैसे धार्मिक आयोजनों से दूर रहना चाहिए।

डॉ. राज ने कहा कि यदि कोई मुस्लिम भाई-बहन वेशभूषा व परंपरा का सम्मान करते हुए समिति से अनुमति लेकर भाग लेना चाहते हैं, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होगी, किंतु गलत नीयत से गरबा स्थलों पर प्रवेश कर उपद्रव करने



- वक्फ बोर्ड अध्यक्ष की मुस्लिम समाज के युवाओं से अपील

का प्रयास हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करता है, जिससे सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंच सकती है। डॉ. राज ने मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे ऐसे पवित्र धार्मिक आयोजनों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा, प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ में शांति, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखें। डॉ. राज ने कहा कि इस्लाम शांति का प्रतीक है और हमें हर हाल में प्रदेश की अमन-चैन व भाईचारे को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# धान बेचने के लिए मिलेगा ऑनलाइन टोकन, छोटे किसानों को पहले मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा। धान खरीदने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को भी इस बार सरकार राहत देने जा रही है।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुंहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए



**कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगी नई नीति**

पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है।

सोसाइटियों को भी बोनस

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी, लेकिन पिछले साल किन्ही कारणों से सोसाइटियों को यह राशि नहीं दी जा सकी था। इस वजह से शून्य प्रतिशत सूखत वाली सोसाइटियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था।

### मिलरों को राहत

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है। यह नहीं करने पर 11 वे दिन से मिलर पर पेनाल्टी लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसानों को डीओ कटने के बाद 15 दिन का समय धान परिवहन के लिए दिया जाएगा।

# अब पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी करा सकेंगे स्ट्रीट लाइटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकायों में अब स्ट्रीट लाइटिंग (प्रकाश व्यवस्था) के कार्य पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी कराए जा सकेंगे। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इन निधियों से किए जाने वाले कार्यों की सूची में अतिरिक्त नवीन कंडिका जोड़ते हुए अब वार्षिक पात्रता राशि की अधिकतम 25 प्रतिशत राशि प्रकाश व्यवस्था के लिए व्यय करने की अनुमति प्रदान की है।

राज्य शासन ने इस संबंध में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी किया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं



**उप मुख्यमंत्री साव ने समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश**

विकास मंत्री अरुण साव ने हाल ही में विभागीय समीक्षा बैठक में पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से किए जाने वाले कार्यों में प्रकाश व्यवस्था को भी शामिल करने के निर्देश दिए थे। अब विभाग ने इस संबंध में परिपत्र मंत्रालय से सभी नगरीय निकायों को भेजा है।

### निधि के लिए जारी हुए हैं 103 करोड़ रुपए

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने हाल ही में 19 सितम्बर को प्रदेशभर के नगरीय निकायों को कुल 102 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपए की पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि जारी की है। विभाग द्वारा निकायों को पार्षद निधि के कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए तथा महापौर,अध्यक्ष निधि के कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए आवंटित किए गए हैं।


## पटना में कांग्रेस की बैठक में शामिल होने रवाना

# बघेल ने बीजेपी को बीफ निर्यात पर घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में शामिल होने के लिए बिहार रवाना हुए। रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, आजादी के बाद पहली बार बिहार की धरती पर सीडब्ल्यूसी की बैठक हो रही है। यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिहार में चुनाव भी होने वाले हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में वोट चोरी के खिलाफ 16 दिन की यात्रा की थी, ऐसे में यह बैठक खास महत्व रखती है।

नक्सलियों के पत्र को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान पर भूपेश बघेल ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, गृहमंत्री अस्थिर मानसिकता के हैं। जब वे मंत्री बने, तो टेलीफोन पर बात करने को तैयार



थे, अब समझौता वार्ता के लिए तैयार हैं। उनके बयानों में हमेशा बदलाव होता रहा है।

### चैतन्य बघेल मामले पर प्रतिक्रिया

अपने बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर भूपेश बघेल ने कहा, पिछले पांच साल से वही जांच चल रही है। पहले ईओडब्ल्यू और अब ईडी जांच कर रही है। सरकार बदलने के बाद नकली होलोग्राम का मुद्दा सामने आया। इनका असली उद्देश्य लोगों को बदनाम करना है। लक्ष्मी नारायण बंसल के खिलाफ वारंट जारी किया गया, उनके बयान के आधार पर ईडी की कार्रवाई हुई और फिर चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई।

### बीफ निर्यात पर भाजपा पर निशाना

बिहार चुनावी माहौल में गोहत्या और गो तस्करी के मुद्दे पर भी बघेल ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा, 2014 में भारत बीफ निर्यात में 9वें स्थान पर था, अब दूसरे स्थान पर आ गया है। भाजपा बीफ निर्यातकों से अरबों रुपये चंदा लेती है। गो माता के नाम पर वोट और गो हत्यारों से नोट लेते हैं।

### साव ने कहा- कांग्रेस नेता हारे-पिटे

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं को "हारा-पिटा" बताते हुए कहा, जो लोग छत्तीसगढ़ में चुनाव हार चुके हैं, वे बिहार जाकर क्या कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस नेताओं के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही जनता का विश्वास। उन्होंने दावा किया कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति पहले से ही कमजोर है और वहां की जनता भी इन नेताओं को गंभीरता से नहीं लेती। साव ने अपने बयान में बीजेपी की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा, उनकी पार्टी बिहार में मजबूत स्थिति में है और जनता का समर्थन उनके साथ है।

# महंत बोले- राज्य के मूल निवासियों को अतिथि व्याख्याता पद पर दें नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उच्च शिक्षा विभाग में गैर छत्तीसगढ़ियों की नियुक्ति और स्थानीय छत्तीसगढ़ियों की उपेक्षा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि उच्च शिक्षा विभाग की 'अतिथि व्याख्याता नीति-2024' छत्तीसगढ़ियों के हितों के विरुद्ध है। इसमें संशोधन होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 जून 2024 से 'अतिथि व्याख्याता नीति-2024' लागू की गई है। इस नीति में छत्तीसगढ़ियों की घोर उपेक्षा करते हुए अभ्यर्थियों की पात्रता के मापदण्डों में ऐसे प्रावधान नहीं किए गए हैं कि छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक हो, इसमें



**महंत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन का किया आग्रह**

छत्तीसगढ़ के बाहर के निवासियों को भी पात्र माना गया है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार अतिथि विद्वानों के पदों के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।

### सरगुजा संभाग में अन्य राज्य के 15 का चयन

महंत ने बताया कि हाल ही में सरगुजा संभाग के महाविद्यालयों में 34 पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसमें से 15 पदों पर अन्य राज्य के निवासी हैं तथा 19 पदों पर छत्तीसगढ़ के मूल निवासी चयनित हुए हैं। महंत का कहना है कि प्रदेश के शिक्षित युवा बेरोजगारों और नौजवानों के लिए यह जरूरी है कि उक्त नीति में तत्काल संशोधन किया जाए और मध्यप्रदेश की भांति ही छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही यह अवसर प्राप्त हो।

## खबर संक्षेप

### खरोरा में कौशिक की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम लाल कौशिक की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, शशि चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि पुरूषोत्तम लाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ समाजवादी चिंतक और किसानों तथा मजदूरों के हितैषी एक वरिष्ठ नेता थे।

पेज 11 का शेष

### झमाझम बारिश से...

है। मेन रोड के गड्ढे में लबालब पानी भरे होने के कारण आवागमन मे परेशानी हो रही है एवं मोटर साइकिल वाले जगह जगह गिरकर चोटिल हो रही है।

### रामलीला के दूसरे...

पत्रकार शामिल हुए जिन्होंने अतिथियों के रूप में भगवान विष्णु की आरती की ।

**ये रहे उपस्थित-** जिसमे संजीव तिवारी, संतोष अग्रवाल,भूपेश दीवान, राजीव तिवारी, राजकुमार मल, श्याम पुरोहित, अमृत साहू, शंकर सोनी, प्रशांत वर्मा, तुलसी जायसवाल, सरिता ध्रुव, राजेश शर्मा, ललित तिवारी, कोमल शर्मा, तंजीव अरोरा, विनोद शर्मा, गुरमीत गुंबर, अजय यादव, वीरेन्द्र उपाध्याय, प्रेस क्लब व श्रमजीवी संघ के पत्रकारजन उपस्थित रहे ।

रेस के लिए रूट तय, 20 गांव से गुजरेंगे साईक्लिस्ट, खास अंदाज में होगा उत्साहवर्धन

# टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन 2025 के भव्य आयोजन की हो रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

विश्व पर्यटन दिवस और छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन का आयोजन 28 सितम्बर 2025 को किया जा रहा है। जिले में पहली बार आयोजित होने वाले इस साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारी की समीक्षा की।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर की तैयारी की समीक्षा

उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन के सफल आयोजन हेतु डीएफओ गणवीर धम्मशील को नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। टूर दे बलौदाबाज़ार साइक्लोथॉन में साईकलिस्ट कुल 50 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे जिसके लिए रूट तय कर लिया गया है। साइक्लोथॉन 28 सितम्बर को सोनबरसा वन विहार से प्रातः 6 बजे प्रारम्भ होगा। साईकलिस्ट सोनबरसा वन विहार से लटुवा, बलौदाबाजार, अर्जुनी, टोनाटार, करही बाजार होते हुए लगभग 20 गांव से गुजर कर पुनः सोनबरसा वन विहार पहुंचेगे। रूट में 10 विशेष पॉइंट बनाए जाएंगे जहां समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणो द्वारा ख़ास अंदाज में साईकलिस्टों का उत्साहवर्धन एवं स्वागत करेंगे।







### पुलिस पेट्रोलिंग टीम रहेगी तैनात

पूरे रूट में करीब 10 हाइड्रेशन पांइट बनाए जाएंगे जहां साईकलिस्टों के लिए पानी, फल, ओआरएस पैकेट्स उपलब्ध रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी हेतु पुलिस पेट्रोलिंग टीम तैनात रहेगी। इसके लिए रूट में 15 पेट्रोलिंग पॉइंट निर्धारित किये गये हैं। एम्बुलेंस मय मेडिकल टीम की भी तैनाती रहेगी। सोनबरसा वन विहार में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा फ़ूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे जिसमें स्थानीय व्यंजनों की छटा रहेगी।

### 924 लोगों ने किया पंजीयन

बलौदाबाजार साइक्लोथॉन में देश भर के करीब 924 लोगों ने पंजीयन किया है। साइक्लोथॉन में प्रतियोगिता की दो श्रेणियां है जिसमें पहली जलि के निवासियों के लिए और दूसरी अन्य जलि अथवा राज्य के निवासियों के लिए है। दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक -पृथक दिए जाएंगे।



भाटापारा। जय अम्बे दुर्गोत्सव समिति डिपरापारा मोपका पण्डा प्रेम धिवर बेदराम निषाद ने विगत 21 वर्षों से दुर्गा माता का मूर्ति का स्थापना किया गया है।



भाटापारा। ग्राम मोपका के ड़िपरापारा अमर नाथ किराना के पास मां दुर्गा का मूर्ति का स्थापना किया गया है।

## राम लीला मंडली में मां दुर्गा विराजमान



**गोपालपुर ।** गाँव के राम लीला मंडली मे मां दुर्गा के स्थापना किया गया है। जिसमें सभी लोग श्रद्धा से पुजा अर्चना करते है। लेकिन वर्षा होने के कारण कोई कार्य क्रम नही हो पाया रहा है। गाँव भक्ति मय मे डूबा हुआ है ।

## ग्राम पंचायत ढाबाडीह में विकास का ग्राम विजन प्लान हुआ तैयार





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत ढाबाडीह में ग्राम विजन प्लान तैयार किया गया। ग्राम पंचायत ढाबाडीह में आदिवासी समुदाय की जनसंख्या लगभग 85 प्रतिशत है। इस दौरान ट्रांजिट वॉक के माध्यम से गांव का भ्रमण किया गया। इसके उपरांत ग्राम पंचायत प्रांगण में एकत्र होकर संसाधन मानचित्र आदि साथी में सहयोग से तैयार किया गया।

विलेज विजन प्लान को आपसी सहमति और लोगों से पूछ कर दर्ज किया गया कि आने वाले 2030 तक गांव में किन-किन संसाधनों सुविधाओं की आवश्यकता है। इस अभियान में जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिनिधि के रूप में विजयलक्ष्मी तारा एवं सहायक आयुक्त सूरजदास मानिकपुरी, मास्टर ट्रेनर अमित वर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि के साथ ही आदि सहयोगी भी उपस्थित रहे।



## झमाझम बारिश से गली हुआ जलमग्न, घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा

पिछले कुछ दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। मंगलवार की आधी रात्रि एवं बुधवार की सुबह से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली तो वही यह झमाझम बारिश लोगों के लिए आफत भी बन गई है। गांवो में पानी निकासी की समस्या के चलते गली सड़के जहां जलमग्न हो गई है वहीं कई ग्रामीणों के घरो में पानी घुस गया है। जिसके चलते घर में घुसे पानी को निकालने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ा। सितंबर महीना मानसून के विदाई का समय होता है लेकिन मानसून अभी भी सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी में बने बारिश के सिस्टम का असर जिला में भी देखने को मिला। 23 सितंबर की आधी रात्रि और 24 सितंबर की सुबह से ही शुरू हुई रुक रुक के लगातार बारिश से मुंडा चिरपोटा कोहरौंद जुड़ा पैंजनी धाराशिव सहित अनेकों गांवों की गली जिसमें सीसी रोड नहीं बनी है कीचड़ से लथपथ हो गई है और कई गलियों में पानी निकासी की समस्या के चलते गली जलमग्न हो गई है।

## महिलाओं के लिए हुई मेनोपॉज़ जागरूकता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जनपद कार्यालय बलौदाबाजार में "मेनोपॉज़ जागरूकता कार्यशाला" का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव एवं जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा सहित अतिथियों ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में जिले की ख्यातिप्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. करुणा यादव, डॉ. पूनम आडिल, डॉ. खुशबू बाजपेई एवं डॉ. प्रीतिबाला ने विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने मेनोपॉज़ की अवस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव जैसे हड्डियों की कमजोरी, हार्मोनल परिवर्तन, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, ध्यान एवं सकारात्मक सोच अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उपस्थित महिलाओं को यह भी बताया कि मेनोपॉज़ के समय नियमित स्वास्थ्य जांच, कैल्शियम एवं आयरन युक्त भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन और समय पर चिकित्सकीय परामर्श बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी समस्याएं छिपाने के बजाय खुलकर डॉक्टरों से चर्चा करें ताकि समय पर समाधान मिल सके। डॉ .राजेश अवस्थी ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने खुले मन से अपने प्रश्न रखे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशाला उनके जीवन में नई जागरूकता और आत्मविश्वास जगाने का कार्य करती हैं। कार्यशाला में 40 से 55 आयु वर्ग की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## दिव्यांगजनों के लिए हुआ आंकलन व चिन्हांकन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में दिव्यांगजनों का आकलन एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 98 दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं 44 लोगों को यूड़ीआईडी कार्ड सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिए 53, चिकित्सा प्रमाण पत्र के लिए 45 लोगों का पंजीयन किया गया। इसी तरह 21 यूडीआईडी कार्ड, 15 दिव्यगजनों का कृत्रिम अंग के लिए माप एवं आंकलन, 3 लोगों को कृत्रिम अंग वितरण, 2 ट्राई साइकिल, 2 श्रवण यंत्र, 1 बैसाखी वितरण एवं 3 दम्पत्तियों को विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।







समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी तहसील कसडोल, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

**'शपथ-पत्र'**

कुंवरिया बाई उम्र 42 वर्ष पति दिलीप कुमार केंवट, निवासी- चंगोरी, तहसील- लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

मैं उपरोक्त शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि मुझ शपथकर्ता का नाम व पता उपर बताये अनुसार सत्य एवं सहीं है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पति दिलीप कुमार कैवर्त्य द्वारा आपकी शाखा सराईपाली पर जीवन बीमा, पॉलिसी क्र.- 383679758 प्रारंभ किया गया था। जिसकी हार्ट अटैक दुर्घटना से दिनांक 10.06.2025 को हो चुका है।
3. यह कि मुझ शपथकर्ता के पति की बीमा में मेरा नाम नॉमिनी के रूप में दर्ज है। जिसमें मुझ शपथकर्ता का नाम त्रुटिवश कुंवरिया बाई की जगह पी कैवर्त्य दर्ज हो गया है। जब कि वर्तमान में मेरा नाम आधार कार्ड नं. 4165 1602 4649 में कुंवरिया बाई नाम दर्ज है जो कि सही है अतः कुंवरिया बाई एवं पी कैवर्त्य दोनों एक ही व्यक्ति है।
4. अतः यह शपथ-पत्र सराईपाली शाखा के समक्ष मृत्यु दावा राशि जारी बाबत प्रस्तुत किया जा रहा है।

शपथकर्ता

-:सत्यापनः:-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 1 से 4 तक सत्य एवं सहीं है। जिसे आज दिनांक 24.09.2025 को स्थान कसडोल में पढ़कर सुनकर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। कुंवरिया बाई, सत्यापनकर्ता

## पालिका में संबंधित दस्तावेजों का ऑनलाईन अवलोकन भी अब कर पाएंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पालिका अब डिजीटल होने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिससे नागरिक अपनी आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन ऑनलाइन कर सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इसके लिए पहल करते हुए पालिका के समस्त विभागों के दस्तावेजों का ऑनलाईन कर ई-डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने के लिए ई-ऑफिस तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही नपाध्यक्ष साहू ने राजस्व विभाग, जल विभाग तथा मिशन क्लीन सिटी के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया। साहू ने विभाग प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगरवासियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हम प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी निष्ठा से नगर वासियों के मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रख रहे हैं। यह सुविधाएं नगरजनों को मिलती रहे, इसके लिए समस्त करों का भुगतान भी आवश्यक है। चूंकि, नागरिकों को जो मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है वह कर्मचारियों के कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। और उन कर्मचारियों का वेतन नागरिकों द्वारा किए गए टैक्स भुगतान से मिलता है। ऐसे में नगरजनों का दायित्व है कि वे सभी करों का भुगतान समय पर करें।




## कम वेतन के कारण प्लेंसमेंट कैंप में बेरोजगार नहीं ले रहे रुचि चयनित होने के बाद छोड़ रहे नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में युवाओं की बेरोजगारी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले चार सालों में 59 हजार 543 युवाओं ने जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया। लेकिन, नौकरी मिलने की दर बेहद कम रही। हर तीन महीने में रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र की ओर से निजी कंपनियों के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाते हैं। कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करती हैं। लेकिन स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर न होने और वेतन कम होने के कारण अधिकतर युवा नौकरी ज्वाइन करने से परहेज कर रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी का कहना है कि हर तीन महीने में नियमित रूप से प्लेसमेंट कैंप आयोजित होता है, लेकिन अधिकतर रोजगार दूसरे जिलों में मिलते हैं। वहां वेतन 8 से 13 हजार रुपए तक रहता है। बाहर रहने का खर्च अधिक होने से युवा नौकरी ज्वाइन करने से बचते हैं। यही कारण है अब प्लेसमेंट कैंप में कम संख्या में युवा पहुंच रहे हैं। निजी कंपनियों के प्रतिनिधि प्लेसमेंट कैंप में तो पहुंचते हैं। लेकिन युवाओं की संख्या लगातार घट रही है। वेतन कम होने और काम जिले से बाहर मिलने के कारण अब युवा इंटरव्यू देने भी नहीं आ रहे। यही वजह है कि कई बार पूरा दिन कंपनियों के प्रतिनिधि खाली बैठे रहते हैं। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार चार सालों में कुल 30 प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में 5347 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें से 2849 युवाओं ने आवेदन किया। लेकिन केवल 115 युवाओं का चयन हो पाया। इनमें अधिकांश ने कुछ समय बाद नौकरी छोड़ दी।

## सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाज़ार

आगामी त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने मंगलवार को कानून व्यवस्था के संबंध में विभिन्न विभागों की बैठक ली। दुर्गा पूजा और विजयादशमी के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

■ कलेक्टर-एसपी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

कलेक्टर सोनी ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बिना पूर्व अनुमति और पूर्व सूचना के कोई सार्वजनिक आयोजन न हो। उन्होंने जिले के सभी दुर्गा पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी पंडालों में रात में दुर्गोत्सव समिति की ओर से कोई न कोई सदस्य मौजूद रहे । साथ ही अप्रिय स्थिति से निपटने फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुलिस ,स्वास्थ्य, वन, खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### मोपका में कौशल साहू निर्विरोध चुने गए उपाध्यक्ष

**भाटापारा।** ग्राम मोपका परिक्षेत्र समाज को मजबूती व समाज विकास के लिए ग्राम मोपका निवासी कौशल साहू को समाज मे उत्तोरोत्तर प्रगति में भागीदारी निभाने निर्विरोध मोपका परिक्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया गया जिससे समाज के वरिष्ठ जनो ने उज्वल भविष्य के लिए बधाई दिए व ग्राम मोपका वासियों द्वारा समाज के फैसले का स्वागत करते हुए कौशल साहू का स्वागत कर बधाई दिए जिसमे सोमेंद्र साहू, रोहित साहू, केशव , मनोज साहू, लंकेश्वर साहू, नोहर साहू, पुनीत साहू, कौशलेंद्र साहू, कोमेंद साहू, लखन साहू, गुनाराम साहू, मनीराम साहू, सुनहर साहू, सुखदेव साहू, शोभित साहू, मोहित साहू, गांव के वरिष्ठ जन व युवा साथी शामिल रहे।



### दुर्गा पंडाल में रंगोली स्पर्धा, खुशी रहीं प्रथम

**महासमुंद।** जय बजरंग मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति गुडरूपारा बजरंग चौक द्वारा मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें रंगोली प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान खुशी कन्नौजे, द्वितीय निधि साहू, तृतीय मधु तारक रहे। कार्यक्रम में समिति के शिशिकांत बजाज, सूरज साहू, कमलेश कन्नौजे, धर्मेंद्र कन्नौजे, खेगेंद्र यादव, युवराज सोनी, यशवंत यादव, गोलू साहू, दयाशंकर कन्नौजे, देवा यादव, आशु यादव, शुभम साहू बिसाहू कन्नौजे, कोमल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र के अवसर पर संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में 25 सिंतबर गुरुवार को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रीतम चौधरी, विशेष अतिथि दुबेलाल साहू किसान मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, रविंद्र राज सिंह ठाकुर, डा अरुण शुक्ला होंगे।

### लाफिनकला में ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ दुर्गा प्रतिमाएं विराजित

**महासमुंद।** इस वर्ष ग्राम लाफिनकला के मां महामाया मंदिर में 27 मनोकामना ज्योति एवं शांति चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी 10 ज्योति प्रज्वलित की गई है। वहीं ग्राम के चार अंकोलिया बाबा चौक, आजाद चौक, भाठापारा, एकता चौक में दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। भक्तजन प्रतिदिन मां की जस व भजन गाकर सेवा डटे हुए हैं।

राहत : दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग, सहायक उपकरणों का वितरण और परिमाप कार्य संपन्न

# सेवा पखवाड़े में दिव्यांगों को मिले नए उपकरणों से जीवन में नई उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समाज कल्याण विभाग जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत स्थानीय नगर भवन में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृत्रिम अंगों के परिमाप एवं स्थलों में उपलब्ध साधन संसाधनों का अवलोकन करते हुए दिव्यांगों के द्वारा सुविधा प्राप्त करने प्रस्तुत आवेदन व उनकी प्रक्रिया व दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव,नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, पार्षद लोकेश चेलक, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला उपस्थित थे। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सनीवाली गोयल के द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### विभाग का प्रयास सराहनीय

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा उपलब्ध की जाने वाली सुविधाओं का लाभ सभी को लेना चाहिए की अपील की गई, व समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों को उनकी सुविधा के लिए दिव्यांग परिचय पत्र भी बनाया जा रहा है, व कृत्रिम हाथ - पैर का नाप व ट्राई साइकिल का वितरण श्रवण यंत्र बैसाखी स्टिक का वितरण भी बहुत बड़ा सहारा है, जो दिव्यांग है उन्हें इससे चलने फिरने व कार्य करने में काफी सहयोग मिलेगा, समाज कल्याण विभाग का प्रयास सराहनीय है।

### सहायक उपकरणों का किया वितरण

आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा पुरानी बस्ती निवासी बालाराम टंडन के कृत्रिम पैर हेतु माप कराया गया, जिससे पैर बनाया जा सके, साथ ही विकलांग बच्चों के परिजनों को 50,000 का चेक वह दो हितग्राहियों को ट्राईसाईकिल का वितरण भी किया गया, सेवा पखवाड़ा के इस कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण व हितग्राही व परिवार जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

## बरसात में रास्ता नहीं, सिर पर खाद उठाकर खेतों तक पहुंच रहे किसान



**सेल ।** बलार जलाशय से पिसीद छांछी सेल सर्वानी बैजनाथ तक नहरों पार का दुर्दशा बरसात में कीचड़मय से गुजरने को मजबूर किसान हल्की बारिश होने से नहर कीचड़ हो जाता हैं। किसानों को कृषि कार्य करने से परेशानी बढ़ जाता हैं।नहर पार को मंडी बोर्ड फंड से बनाने की मांग शासन प्रशासन किया गया है। जब से बलार जलाशय बना हुआ है तब से नहरों पार को कोई सुधार नहीं किया गया है। बरसात में कीचड़मय होने से पैदल चलना मुश्किल हो जाता हैं। बलार से असनींद बैंगनडबरी पिसीद छांछी सेल सर्वानी पक्की नहर पार नहीं बना है। जिससे कृषि कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। नहर पार गढ्ढे में तब्दील हो गया हैं। गढ्ढे में बरसात का पानी भर जाता हैं जिसके चलते आवागमन करने में अवरुद्ध होने लगा है। हल्की बारिश होने से नहर पार में दोपहिया वाहन नहीं चलता है किसानों को खेतों में खाद ले जाने में दिक्कत होता हैं। किसानों ने सिर में उठाकर ले जाता हैं। और नहरों का साफ सफाई नहीं कराया जाता हैं। नहर पार में घांस उग आई है और नहरों बना कूड़ेदान नहरों गंदगी से पट गया हैं। नहरों पार में झाड़ियों में जहरीले सांप बिच्छू रहता हैं। नहरों का साफ-सफाई कराने की मांग किया गया है नहरों का पार जंगलों जैसे दिखाई दिया जा रहा हैं। किसानों का परेशानी बढ़ गया हैं। नहरों को पक्की बनाने की मांग किया गया है। किसानों को कृषि कार्य करने में सुविधा उपलब्ध है ।

- मंडी बोर्ड फंड से पक्की नहर पार निर्माण की मांग तेज

## धूमधाम से मना रासेयो का 57वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख), बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के फोटो पुष्प गुच्छ एवं गुलाल लगाकर सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाकर स्वयं सेवकों ने 25 वृक्षारोपण लगाकर एवं गोद ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया त्रैमासिक परीक्षा होने के बाद भी स्वयंम सेवकों ने स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- दतान (ख) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ पौधारोपण और स्वच्छता अभियान



संस्था के प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस पर बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी सभी स्वयंसेवकों कि उज्वल भविष्य कि कामना कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों पढ़ाई के साथ साथ समाज एवं देश सेवा के काम को बहुत ही ईमानदारी से करते संस्था के प्राचार्य आर्मी से रिटायर्ड फौजी हैं एन सी सी में भी सेवा दी है। उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने आये दिन जागरूकता अभियान रैली करते रहते हैं उनका मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज, एक पेड़ प्रकृति के नाम, बाल विवाह रोकथाम इन तीनों को लेकर सात दिवसीय शिविर एवं जागरूकता अभियान चलाया जाता है। प्राचार्य के इस अभियान से गांव वाले बहुत ही खुश रहते हैं उनके काम कि सहाराना करते हैं प्राचार्य महोदय ने सभी स्वयंसेवकों को एवं गांव वालों को 57वां स्थापना कि कोटि-कोटि बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**इन्होंने लिया भाग-** इस स्थापना दिवस पर संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, पेमेशवरी नेताम , राष्ट्रीय सेवा योजना के अध्यक्ष दुरगेशवरी चेलक, उपाध्यक्ष साधना यादव, सचिव सुकृता महिलांग, सहसचिव राधिका प्रजापति, कोषाध्यक्ष रामेश्वरी पैंकरा एवं सभी स्वयंम सेवकों ने भाग लिया था।

## 6.3 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है । मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम भैंसा बस स्टैण्ड के पास खपरीडीह खुर्द जाने वाले मोड़ में व्यक्ति एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है सूचना तस्दीकी हेतू थाना खरोरा पुलिस पार्टी उक्त स्थान में पहुंचे जहां पर एक व्यक्ति जो हाथ में प्लास्टिक का थैला रखा हुआ था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम ईशु खंडेलवाल पित्ता सेवाराम खंडेलवाल उम्र 22 साल साकिन खपरीडीह खुर्द थाना खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) का रहने वाला बताया। जो हाथ में एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला रखा था जिसे चेक करने पर 35 पौवा शोले देशी मदिरा मसाला शराब रखें मिला उक्त शराब को अपना होना बताया शराब रखने के संबंध में नोटिस तामील किया जो कोई कागजात नहीं होना लेख कर हस्ताक्षर किया ।

- भैंसा बस स्टैंड के पास युवक गिरफ्तार, 35 पाव देसी शराब जब्त
- खरोरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी न्यायिक रिमांड पर पेश

### आरोपी न्यायिक रिमांड पर

आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में रखा 35 पौवा शोले देशी मंदिरा मसाला शराब प्रत्येक शीशी में 180 एमएल भरी हुई शील बंद भरी हुई केवल छत्तीसगढ़ प्रदाय विक्रय हेतु लिखा हुआ तथा कीमत 100/- रूपये लिखा है। जुमला मात्रा 6.300 बल्क लीटर जुमला कीमती 3500/-रु. को समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2)आब. एक्ट घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों देकर न्यायिक रिमाण्ड तैयार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।



## भाटापारा नपा की सामान्य सभा में पारित हुआ जीएसटी 2.0 प्रस्ताव



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में नगर सामान्य सभा की बैठक का सफल आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पार्षदगणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जीएसटी 2.0 योजना के तहत नगर परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने किया, जिसे सर्वसम्मति से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव परिषद की वित्तीय दक्षता एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली का प्रमाण है, जो नगर के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है। सभापति सतीश तलरेजा ने सभा के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार प्रकट किया। अश्वनी शर्मा ने कहा कि जीएसटी 2.0 जैसी जनहितकारी पहल के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हम हृदय से आभार प्रकट करते हैं। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि भाटापारा नगर को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ, एवं विकासशील नगरी के रूप में स्थापित किया जा सके। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारा संकल्प है।

## रासेयो स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**पलारी ।** बुधवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहाँसी में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ युवाओं के प्रेरणा–पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गाँधी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी प्राचार्य दिनेश कुमार साहू रहे। कार्यक्रम में व्याख्यातागण जीवन लाल बंजारे, लेखराम पटेल, रूपा कर्मोकर, वपुष्टमा चंदेल, कमलेश कुमार टंडन, चित्रलेखा देवांगन, महेश कन्नौजे, रमेश कुमार डहरिया, रिया साहू, भुनेश्वरी आनंद, चित्ररेखा साहू एवं लोकेश कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में विद्यालय के 60 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर सेवा, नेतृत्व व सामाजिक दायित्व का संदेश दिया।योगेश गेंन्द्रे ने कार्यक्रम का संचालन किया।







## हाईवा ड्राइवर संघ ने पांच हजार की आर्थिक सहायता दी



**बंगोली ।** छग ड्राईवर महा संघ ने विगत दिनों 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की । खरोरा ब्लॉक ड्राईवर संघ अध्यक्ष नरेश साहू ने बताया कि हाईवा चालक दुखूराम निषाद बंगोली के हार्ड का ऑपरेशन होने पर छग ड्राईवर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रितम सेन, उपाध्यक्ष रायपुर जिला बोधन साहू ,सचिव-नरोत्तम निषाद, उत्तम वर्मा-सरपंच बंगोली,नरेश साहू, जंतराम सारंग खरोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष,महेश वर्मा, नीशू निर्मलकर, समीर वर्मा ने 5 हजार रुपये सहयोग राशि प्रदान की । ज्ञात हो कि लड़की की विवाह होने पर 10 हजार, दुर्घटना मे 20 हजार तथा सामान्य क्षति होने पर 5 हजार की राशि छग हाईवा ड्राईवर महासंघ सहयोग प्रदान करेंगे ।







